हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 60 देहरादून, शनिवार, 20 अगस्त, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री धामी ने किया गोल्ड प्लस ग्लास फैक्ट्री का शुभारम्भ 3

# सूबे में आयोजित होगा 37वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा : डॉ0 धन सिंह रावत

## आगामी 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक चलेगा नेत्रदान पखवाड़ा

आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सूबे में 37वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा। जिसे आगामी 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर मनाया जायेगा, जिसके सफल आयोजन के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दे दिये गये हैं। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के दौरान प्रदेशवासियों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जायेगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 25 अगस्त से प्रदेशभर में 37वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जायेगा, जिसके सफल आयोजन के लिये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिये गये हैं।

उन्होंने बताया कि 25 अगस्त से 8 सितम्बर के मध्य आयोजित राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के माध्यम से प्रदेशवासियों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जायेगा, साथ ही लोगों को मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करने की शपथ लेने के लिये भी प्रेरित किया जायेगा। नेत्रदान पखवाड़े के दौरान सभी 13 जनपदों में ब्लॉक स्तर पर नेत्र परीक्षण शिविरों का भी आयोजन किया जायेगा जहां पर लोगों की आंखों की जांच की जायेगी साथ ही एएनएम एवं आशाओं के द्वारा विटामिन-ए की दवा वितरित की जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में नेत्र रोगियों के लिये विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत राज्य सरकार मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन कर रोगियों को मुफ्त चश्मा भी उपलब्ध करा रही है। जिसका लाभ हजारों लोग उठा रहे हैं। डॉ0 रावत ने बताया कि वर्ष 2017-18 में 37901 लोगों का मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2018-19 में 34538, वर्ष 2019-20 में 33292, वर्ष 2020-21 में 23160 एवं वर्ष 2021-22 में 34267 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर आँख के लेंसों का निःशुल्क प्रत्यारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले तीन वर्षों में मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान को प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से चलाया जायेगा ताकि सूबे को मोतियाबिंद मुक्त बनाया जा सके।




# प्रोजेक्ट को मिली कामयाबी, अब महज दो घंटे में देहरादून-दिल्ली



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेस-वे का अंतिम 20 किमी का हिस्सा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र से होकर गुजरता है। राजा जी राष्ट्रीय उद्यान जहां एशिया का सबसे लंबा ऊंचा वन्यजीव गलियारा (12 किमी) बनाया जा रहा है।

निर्मित जिसमें 340 मीटर दात काली सुरंग शामिल है। एक्सप्रेसवे का अंतिम 20 किमी विस्तार राजाजी राष्ट्रीय उद्यान के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र से होकर गुजरता है जहां एशिया का सबसे लंबा ऊंचा वन्यजीव गलियारा (12 किमी) बनाया जा रहा है जिसमें 340 मीटर दात काल सुरंग शामिल है। उन्होंने कहा कि सतत विकास प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का आदर्श वाक्य है और विकास उसी के अनुरूप है। मंत्री ने कहा कि सुरंग का उद्देश्य आसपास के वन्यजीवों की रक्षा करना है। एक बार पूरा होने के बाद, एक्सप्रेसवे देहरादून-दिल्ली के बीच यात्रा के समय को 6 घंटे से 2.30 घंटे और दिल्ली-हरिद्वार के बीच 5 घंटे से 2 घंटे तक कम कर देगा।



# पुष्पा देख चले थे लकड़ी की तस्करी करने, वन विभाग ने सागौन ले जाते हुए दबोचा




कॉर्बेट से सटे तराई पश्चिमी वन प्रमंडल के बन्नाखेड़ा रेंज में सागौन की लकड़ियों की तस्करी कर रहे दो वन तस्करों (वन विभाग ने तस्करों को गिरफ्तार किया) को वनकर्मियों ने पकड़ लिया है. तस्करों के कब्जे से वनकर्मियों ने दो मोटरसाइकिल और छह सागौन की लकड़ियां बरामद की हैं. साथ ही दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.तराई पश्चिमी वन प्रमंडल के डीएफओ कुंदन कुमार ने बताया कि देर रात मुखबिर की सूचना पर बन्नाखेड़ा रेंज से दो लोगों को सागौन की लकड़ियों के साथ पकड़ा गया. उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी जंगल से सागौन के पेड़ काटकर मोटरसाइकिल की मदद से लकड़ियां ला रहे थे. उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिल और छह सागौन की लकड़ियां बरामद की गई हैं..कुंदन कुमार ने बताया कि पकड़ी गई सागौन की लकड़ियों की कीमत 50 हजार रुपये से अधिक आंकी जा रही है. उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. उन्होंने कहा कि वन विभाग की गश्त लगातार जारी रहेगी.

# उत्तराखंड के लोगों समेत पर्यटकों को मिलेगी जाम से राहत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड को हिंदू तीर्थ स्थलों की संख्या के कारण ₹देवताओं की भूमि₹ (देवभूमि) के रूप में जाना जाता है। ऐसे में यहां घूमने के लिए पर्यटक जगह-जगह से आते हैं। जिससे शहर में जाम की स्थिति बनी हुई है. उत्तराखंड में पर्यटकों को नैनीताल बहुत पसंद आता है। जिससे जिले के निवासियों सहित पर्यटकों को जाम का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए नैनीताल के भोवाली में पर्यटन सीजन के दौरान जल्द ही जिले के भोवाली में पर्यटन सीजन के दौरान जिले के निवासियों सहित पर्यटकों को जाम से राहत मिलने वाली है।



सरकार ने भवाली की लकड़ी की ऊंची जमीन पर 8 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग और शॉपिंग प्लाजा बनाने की योजना को मंजूरी दी है. इसके साथ ही सरकार ने पहले चरण में 2 करोड़ की राशि जारी की है।

भोवाली रोडवेज स्टैंड पर दुकानों के कारण आए दिन जाम लगता है। शॉपिंग प्लाजा बनने से दुकानों को शिफ्ट करने से शहरवासियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी. शॉपिंग प्लाजा की दुकानों सहित सरकारी कार्यालय, बैंक जैसे संस्थानों को भी शिफ्ट किया जाएगा। भीमताल, मुक्तेश्वर और हल्द्वानी जाने वाली टैक्सियों को भविष्य में भोवाली में वुड टॉल स्थित जमीन पर बनने वाली पार्किंग में जगह दी जाएगी। इसके साथ ही भोवाली में बाजार में स्थित दुकानों के कारण सड़क किनारे खड़े वाहनों के लिए भी पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

जिससे व्यवस्थित तरीके से वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा भोवाली में ही परिवहन विभाग द्वारा नया बस स्टैंड बनाया जा रहा है। भोवाली की तर्ज पर नैनीताल में विभिन्न स्थानों की पहचान की जा रही है और पर्यटकों के लिए कार पार्किंग बनाने के लिए मंथन किया जा रहा है. वहीं डीएम धीरज सिंह गरब्याल ने बताया कि पार्किंग व प्लाजा के निर्माण के लिए 8 करोड़ का प्रस्ताव दिया गया था. जिसमें से 2 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी गई है। जल्द ही पार्किंग का काम शुरू किया जाएगा।

# बात सेहत की : Teabag वाली चाय का इन लोगों को नहीं करना चाहिए सेवन






**महविश की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हमसे से अधिकतर लोग बिजी रहने के चलते अपनी डाइट पर ध्यान नहीं देते हैं. बिगड़े हुए लाइफस्टाइल के चक्कर में बीमारियां होने लगती है. डाइट और रूटीन की कमी के अलावा लोग कुछ ऐसी गलतियां भी करते हैं, जो उनकी सेहत पर भारी पड़ जाती हैं. लोग सोशल मीडिया और विज्ञापन को देखकर अपने रूटीन में ऐसी चीजों को शामिल कर लेते हैं, जो उन्हें फायदे के बजाय नुकसान पहुंचा देती हैं. इन्हीं में से एक है टी बैग वाली चाय. वेट लॉस, फिट रहना और हेल्दी रहने के चक्कर में युवा से लेकर बुजुर्ग तक इस तरह की चाय को पीना शुरू कर देते हैं. हो सकता है कि ये फायदेमंद हो, लेकिन बिना जानकारी के इसका सेवन करने से बचना चाहिए

**इन लोगों को नहीं पीनी चाहिए ये चाय**

डायबिटीज के मरीज न करें सेवनः डायबिटीज के मरीजों को टी बैग वाली चाय का सेवन नहीं करना चाहिए. एक्सपर्ट्स के अनुसार के अनुसार इसमें कैफीन अधिक मात्रा में होता है और ये ग्लूकोज के लेवल को डिस्टर्ब कर देता है. अधिक कैफीन वाले टी बैग डायबिटिक पेशेंट की सेहत को ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं. अगर आप शुगर के मरीज हैं और टी बैग को पीना पसंद करते हैं, तो आपको डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए.

**कैफीन से नहीं आती है नींद**

जो लोग नींद न आने की समस्या को फेस कर रहे हो, उन्हें भी ज्यादा कैफीन वाले टी बैग्स का सेवन नहीं करना चाहिए. दरअसल, कैफीन का ज्यादा सेवन नींद न आने का कारण बनता है. ऐसा भी देखा गया है छोटी उम्र में बच्चे का वजन बढ़ जाने पर पेरेंट्स उसे भी टी बैग्स का सेवन कराने लगते हैं. बच्चे का वजन घटे या न घटे लेकिन बिना सलाह के इस ट्रिक को आजमाना उसके सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है.

**इन बातों का रखें ध्यान**

अगर आप हर्बल टी को रूटीन में शामिल करना चाहते है, तो हमेशा इसे उबालकर ही इसकी ड्रिंक बनाएं. उबालने से उसके जरूरी तत्व पानी में मिल पाते हैं. चाहे आप ग्रीन टी पिएं या ब्लैक टी हमेशा चाय की पत्तियों को पानी में जरूर उबालें.

# जाने इस खबर में की आत्मविश्वास कैसे बढ़ाएं

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि जीवन में सफलता पाने के लिए आत्मविश्वास एक बहुत ही महत्वपूर्ण गुण है। यह गुण आप हर उस व्यक्ति में देखेंगे जो जीवन में किसी मुकाम पर पहुंच गया है, चाहे वह फिल्म-स्टार हो, क्रिकेटर हो, आपके पड़ोस का कोई व्यक्ति हो या आपको पढ़ाने वाला शिक्षक हो। आत्मविश्वास एक ऐसा गुण है जो हर किसी में होता है, किसी में कम तो किसी में ज्यादा। लेकिन जरूरत इस बात की है कि आप अपने वर्तमान आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाएं और इसे एक नए और बेहतर स्तर पर ले जाएं।

**1. जिस काम से लगे डर उसे करें बार-बार:**


हमें अपनी कमजोरी को अपनी ताकत बनाना चाहिए, जिस भी कारण से हमें लगता है कि हम कमजोर पड़ रहे हैं वो काम ही हमें करना चाहिए यानी ऐसा काम जिससे ज्यादातर हम दूर भागते हैं या घबराते हैं और जिस दिन हमारी कमजोरी हमारी ताकत बन जाए तो हमारा आत्मविश्वास कभी कम नहीं होगा. इस कमजोरी को दूर करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप उस काम को बार-बार करें जिससे आप घबराते हैं. बार-बार उसे दोहराएँ और यकीन मानिए आपका किसी भी बात को लेकर घबराना खत्म हो जायेगा और आपकी कमजोरी ही आपकी ताकत बन जाएगी.

**2. अपनी उपलब्धियों को याद रखें:**

आपकी पिछली उपलब्धियां आपको आत्मविश्वास महसूस करने में मदद करेंगी। ये कोई भी उपलब्धि हो सकती है, छोटी या बड़ी। उदाहरण के लिए: आप कक्षा में प्रथम आए होंगे, किसी भी विषय में स्कूल टॉप किया होगा, गायन पूर्णता या खेल में कोई जीत हासिल की होगी, एक बड़ा लक्ष्य हासिल किया है, महीने के कर्मचारी रहे हैं। कुछ भी जो आपको अच्छा लगे।

आप इन उपलब्धियों को डेयरी में लिख सकते हैं, और उन्हें कभी भी देख सकते हैं, खासकर जब आप अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहते हैं। एक बेहतर तरीका यह है



कि इन उपलब्धियों से संबंधित कुछ चित्र अपने दिमाग में बनाएं और उन्हें एक छोटी सी फिल्म बनाने के लिए जोड़ें और समय-समय पर इसे अपने दिमाग में चलाते रहें। निश्चित रूप से यह आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करेगा।

**3. हर तरह के लोगों से बात करें:**

आत्मविश्वास की कमी के कारण आप और मैं कभी-कभी लोगों से बात करने में झिझकते हैं। लेकिन आत्मविश्वास बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है हर तरह के लोगों से बात करना। आपको शुरुआत में लोगों से बात करने में झिझक हो सकती है, लेकिन अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर आपको लोगों से बात करने की आदत डालनी होगी। इससे आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स में सुधार होगा और जब आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतर होंगी तो आप अपने आप में आत्मविश्वास महसूस करेंगे।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया गोल्ड प्लस ग्लास फैक्ट्री का शुभारम्भ

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोल्ड प्लस ग्लास फैक्ट्री थिथोला, रूड़की के शुभारम्भ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया



**सलीम सैफ़ी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोल्ड प्लस ग्लास फैक्ट्री के शुभारम्भ की सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि चाहे कानून-व्यवस्था की स्थिति हो या अन्य, पूरे देश के अन्दर उत्तराखण्ड में उद्योगों के लिये सबसे अनुकूल वातावरण है। अगर उद्योग बढ़ेंगे तो जीडीपी बढ़ेगी, बजट बढ़ेगा तथा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जो भी उद्योग स्थापित हों, उनमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिलना चाहिये। उन्होंने सभी का आह्वान करते हुये कहा कि उत्तराखण्ड के विकास में सभी अपना पूर्ण सहयोग दें। यह देश का अमृत काल है। सभी को कर्मयोगी की तरह काम करना होगा तथा यह दशक उत्तराखण्ड का दशक है। उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में आगे रहेगा तथा 25वें स्थापना दिवस पर उत्तराखण्ड को देश के श्रेष्ठ राज्य के रूप में स्थापित करेंगे। पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमने प्रदेश की राजधानी देहरादून में उद्योग जगत से जुड़े लोगों के साथ बैठक की, जिसमें उनकी जो भी समस्यायें थी, उनके बारे में विस्तृत विचार-विमर्श किया, जिसके फलस्वरूप हमने यह सुनिश्चित किया कि सरकार द्वारा उद्योगों को जो सुविधायें दी जा रही हैं, उनका भी सरलीकरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और सन्तुष्टि हमारा मूल मंत्र है। हमने संकल्प लिया है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास तथा सबके प्रयास से उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनायेंगे। चारधाम यात्रा का जिक्र करते हुये उन्होंने का कि अभी तक 30 लाख रजिस्टर्ड श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं तथा इस बार नया कीर्तिमान स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि जहां तक कांवड़ मेले का प्रश्न है,चार करोड़ से ज्यादा शिव भक्त कांवड़ मेले में आये, जो अपने आप में रिकार्ड है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत हर क्षेत्र में विकास कर रहा है तथा समृद्ध, शक्तिशाली एवं दिशा देने वाला भारत बन गया है।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये हरिद्वार सांसद डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि उत्तराखण्ड में हर तरह से उद्योगों के अनुरूप वातावरण है। उन्होंने कहा कि हम उत्तराखण्ड को 2025 तक आदर्श राज्य बनाना चाहते हैं, जिसे देखकर पूरा देश गौरव करेगा।

डॉ0 निशंक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेड इन इण्डिया, कौशल इण्डिया आदि का जिक्र करते हुये कहा कि आज पूरी दुनियां में हिन्दुस्ताान का माथा ऊंचा हो रहा है। अब पूरी दुनिया में मेड इन इण्डिया होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है।

इस अवसर पर रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा, खानपुर विधायक उमेश कुमार, पूर्व विधायक कुंवर प्रणव चैम्पियन, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व विधायक यतीश्वरानन्द, भाजपा नेता अनिल गोयल, फैक्ट्री के चेयरमैन सुभाष त्यागी भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ0 जयपाल सिंह चौहान, जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रतीक जैन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 योगेन्द्र सिंह रावत सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।





# सम्भावना तेज़ - अशोक गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष, पायलट बनेंगे सीएम : सूत्र





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी लेने पर सहमति नहीं दी है। पार्टी में नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 20 अगस्त से शुरू होनी है। अध्यक्ष पद को लेकर अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। राहुल गांधी फिर से पार्टी का अध्यक्ष बनने से इंकार कर देते हैं तो पार्टी का अध्यक्ष कौन होगा इसे लेकर संशय बना हुआ है।

ऐसे में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सामने आ रहा है। अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस बैकफुट पर है। पार्टी के विकल्प बहुत कम है। अगर अशोक गहलोत को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया तो राजस्थान में सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की राह आसान हो सकती है।

कांग्रेस में अगर राहुल गांधी अध्यक्ष बनने से इनकार करते हैं तो माना जा रहा है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पार्टी का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। गहलोत ओबीसी नेता है। सूत्रों के मुताबिक गहलोत ने अध्यक्ष पद के लिए अभी अपनी सहमति नहीं दी है। लेकिन अगर गहलोत मान जाते हैं तो इसका सीधा फायदा उनके नजदीकी प्रतिद्वंदी राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट को होगा।

सचिन पायलट को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। पायलट ने जुलाई 2020 में गहलोत के खिलाफ बगावत की थी। उसके बाद वे वापस पार्टी में शामिल हो गए थे। तब से पायलट मुख्यमंत्री बनने का इंतजार कर रहे हैं। राहुल गांधी खुद उनके धैर्य की तारीफ कर चुके हैं। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम भी सामने आ रहा है। वह पार्टी के दलित नेता है और राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं। उन्हें भी इस पद के लिए मनाया जा सकता है। लेकिन मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्र और स्वास्थ्य बाधा बन सकते है। कांग्रेस में अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया 20 अगस्त से शुरू होनी है। लेकिन संभावना इस बात की भी पूरी है कि चुनाव प्रक्रिया को टाला जा सकता है। पार्टी ने दिल्ली के रामलीला मैदान पर होने वाली महंगाई विरोधी रैली को भी आगे खिसका दिया है। पार्टी ने घोषणा की है कि महंगाई पर हल्ला बोल रैली जो 28 अगस्त को होनी थी। वह अब सितंबर में होगी।

सचिन पायलट को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। पायलट ने जुलाई 2020 में गहलोत के खिलाफ बगावत की थी। उसके बाद वे वापस पार्टी में शामिल हो गए थे। तब से पायलट मुख्यमंत्री बनने का इंतजार कर रहे हैं। राहुल गांधी खुद उनके धैर्य की तारीफ कर चुके हैं। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम भी सामने आ रहा है। वह पार्टी के दलित नेता है और राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं। उन्हें भी इस पद के लिए मनाया जा सकता है। लेकिन मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्र और स्वास्थ्य बाधा बन सकते है। कांग्रेस में अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया 20 अगस्त से शुरू होनी है। लेकिन संभावना इस बात की भी पूरी है कि चुनाव प्रक्रिया को टाला जा सकता है। पार्टी ने दिल्ली के रामलीला मैदान पर होने वाली महंगाई विरोधी रैली को भी आगे खिसका दिया है। पार्टी ने घोषणा की है कि महंगाई पर हल्ला बोल रैली जो 28 अगस्त को होनी थी। वह अब सितंबर में होगी।

# एसपी श्वेता चौबे ने पुलिस लाईन गोपेश्वर में कान्हा को झुलाया पालना, भक्तिमय हुए लोग






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पुलिस लाईन गोपेश्वर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसका आगाज़ नरेन्द्र दत्त (जिला जज) व आईपीएस श्वेता चौबे (पुलिस अधीक्षक चमोली) ने किया। इस भक्तिभाव से भरे कार्यकर्म में हज़ारों की संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए और राधे राधे की गूँज में पूरा वातावरण गूंजता रहा

इसके पहले एसपी श्वेता चौबे ने बेहतरीन कार्यकर्म की रूपरेखा तैयार की थी जिसका नज़ारा लोगों को दिखाई दिया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। रंगारग कार्यक्रम में पुलिस परिवार के छोटे-छोटे नन्हें बाल कलाकारों द्वारा कुमाऊं/ गढ़वाली पंजाबी लोकनृत्य, सहित अन्य रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।



उत्तराखण्ड के लोकगायक दर्शन फर्स्वाण,अनीशा रांगड व अंजली खरे की विभिन्न प्रस्तुतियों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में गोपीनाथ कला मंच द्वारा नशा मुक्त समाज पर नुक्कड नाटक के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति कर नशा न करने हेतु सभी को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में माननीय जिला जज महोदय द्वारा उपस्थित अतिथिगणों तथा जनपदवासियों को जन्माष्टमी के पर्व पर अपनी शुभकामनाएं दी तथा पुलिस परिवार को उनके द्वारा आयोजित किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर जनपद चमोली पुलिस के सभी थानों,फायर स्टेशन एवं पुलिस लाईन के द्वारा अपनी-अपनी झांकिया प्रस्तुत की गयी, जिनको देखने के लिए सुबह से ही भारी संख्या में लोगों का तांता लगा रहा। सभी थानों द्वारा काफी सुंदर झांकियां तैयार की गयी थी जिसकी अधिकारियों व जनता द्वारा काफी सराहना की गई। जिसमें प्रथम पुरुस्कार थाना गोपेश्वर,द्वितीय थाना कर्णप्रयाग,तृतीय पुरुस्कार थाना जोशीमठ व सांत्वना पुरुस्कार फायर स्टेशन गोपेश्वर को प्रदान किया गया।

उक्त अवसर पर पुष्पा पासवान (नगर पालिका अध्यक्ष), अभिषेक त्रिपाठी (अपर जिलाधिकारी), राजीव शर्मा (मुख्य चिकित्साधिकारी), सर्वेश कुमार दुबे(प्रभागीय वनाधिकारी) व उमा रावत (एसीएमओ) आदि मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा पुलिस ने धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व, भक्तिभाव में डूबे लोग

## एसएसपी प्रदीप राय ने गाया गाना , नन्हें-मुन्ने बच्चों ने धारण किया कान्हाँ का रूप

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पुलिस लाईन अल्मोड़ा के मैदान में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मनोज तिवारी विधायक अल्मोड़ा बारामण्डल, मजहर मलिक सुलतान मा0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा, आर0 सी0 पन्त सीएमओ अल्मोड़ा, अनिल बोस कमांडेंट NCC अल्मोड़ा, प्रदीप कुमार राय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा किया गया।

**दीप प्रज्वलन के बाद रंगारंग कार्यक्रमों का दौर शुरु हुआ।**

पुलिस अधि0/कर्मचारियों एवं पुलिस परिवार के छोटे-छोटे बाल कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कुमाँऊ, गढ़वाली एवं अन्य लोकनृत्य, भजन, नाटक, हास्य कलाकारों द्वारा अपनी- अपनी प्रतिभा का प्रस्तुतिकरण कर सभी उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया। रंगारंग कार्यक्रम देखने आये दर्शकों से पुलिस लाईन मैदान भरा रहा। सभी दर्शको द्वारा तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया। कानि0 रविन्द्र बचकोटी व कानि0 राजेश आर्या द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की संचालन की जिम्मेदारी निभाई गयी।

**एसएसपी अल्मोड़ा ने गाने गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया**

इसके साथ साथ रात 12 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर मंदिर में बनी सुंदर झांकी के दर्शन, पूजा अर्चना कर बड़ी धूम से जन्मोत्सव गया एवम प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में विभु कृष्णा ने अपने संचालन से समां बाध दिया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों के मोबाईल की फ्लैश लाईट आँन करवाकर हमारे देश के जवानों द्वारा दिये गये योगदान को याद किया गया।कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था प्रतिसार निरीक्षक जितेन्द्र पाठक पुलिस लाईन अल्मोड़ा व उ0नि0 स0पु0 दामोदर कापड़ी की देख-रेख में हुई ।








# पृथ्वी पर 6 स्थान जहाँ सूर्य कभी अस्त नहीं होता

संजय कुमार की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हमारी दिनचर्या 24 घंटे के आसपास घूमती है, लगभग 12 घंटे सूरज की रोशनी के साथ, और शेष घंटे रात के समय होते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया भर में ऐसी जगहें हैं जहां सूरज 70 दिनों से ज्यादा नहीं डूबता है। कल्पना कीजिए कि पर्यटकों के लिए समय का ट्रैक रखना कितना दिलचस्प होगा, जब वहां के स्थानीय लोग भी सीधे 70 दिनों के लिए सूर्यास्त नहीं होने से भ्रमित हो जाते हैं।

यदि आप और जानने के इच्छुक हैं, तो यहां पृथ्वी पर 6 स्थान हैं जहां सूर्य कभी अस्त नहीं होता है।

**नॉर्वे :** आर्कटिक सर्कल में स्थित नॉर्वे को मध्यरात्रि सूर्य की भूमि कहा जाता है, जहां मई से जुलाई के अंत तक सूर्य वास्तव में कभी अस्त नहीं होता है। इसका मतलब है कि लगभग 76 दिनों तक सूरज कभी अस्त नहीं होता है। नॉर्वे के स्वालबार्ड में, सूरज 10 अप्रैल से 23 अगस्त तक लगातार चमकता रहता है; यह यूरोप का सबसे उत्तरी आबाद क्षेत्र भी है। आप इस समय के दौरान इस जगह की यात्रा की योजना बना सकते हैं और उन दिनों के लिए जी सकते हैं, जब रात नहीं होती है।



**नुनावुत, कनाडा :** नुनावुत कनाडा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में आर्कटिक सर्कल से लगभग दो डिग्री ऊपर स्थित है। इस स्थान पर लगभग दो महीने 24X7 धूप दिखाई देती है, जबकि सर्दियों के दौरान, इस स्थान पर लगातार 30 दिनों तक पूर्ण अंधकार दिखाई देता है।

**आइसलैंड :** ग्रेट ब्रिटेन के बाद आइसलैंड यूरोप का सबसे बड़ा द्वीप है, और यह ऐसा देश होने के लिए भी जाना जाता है जहां मच्छर नहीं हैं। गर्मियों के दौरान, आइसलैंड में रातें साफ होती हैं, जबकि जून के महीने में, सूरज वास्तव में कभी अस्त नहीं होता है। मध्यरात्रि के सूर्य को उसकी पूर्ण महिमा में देखने के लिए, आप आर्कटिक सर्कल में एक्यूरेरी शहर और ग्रिम्सी द्वीप की यात्रा कर सकते हैं।

**बैरो, अलास्का :** मई के अंत से जुलाई के अंत तक, सूर्य वास्तव में यहां अस्त नहीं होता है, जिसकी भरपाई नवंबर की शुरुआत से अगले 30 दिनों के लिए की जाती है, जो सूरज नहीं उगता है, और इसे ध्रुवीय रात के रूप में जाना जाता है। इसका मतलब यह भी है कि सर्दियों के कठोर महीनों के दौरान देश अंधेरे में रहता है। बर्फ से ढके पहाड़ों और मंत्रमुग्ध कर देने वाले ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध, इस जगह पर गर्मियों या सर्दियों में जाया जा सकता है।

**फिनलैंड :** हज़ारों झीलों और द्वीपों की भूमि, फ़िनलैंड के अधिकांश हिस्सों में गर्मियों के दौरान केवल 73 दिनों के लिए सीधे सूर्य को देखने को मिलता है। इस समय के दौरान, सूर्य लगभग 73 दिनों तक चमकता रहता है, जबकि, सर्दियों के समय में, इस क्षेत्र में सूर्य का प्रकाश नहीं दिखता है। यह भी एक कारण है कि यहां के लोग गर्मियों में कम और सर्दियों में ज्यादा सोते हैं। यहां आकर, आपको नॉर्दर्न लाइट्स का आनंद लेने का मौका मिलता है और स्कीइंग में लिप्त होने और ग्लास इग्लू में रहने का अनुभव करने का भी मौका मिलता है।

**स्वीडन :** मई की शुरुआत से अगस्त के अंत तक, स्वीडन में आधी रात के आसपास सूरज डूबता है और देश में लगभग 4 बजे उगता है। यहां, लगातार धूप की अवधि साल के छह महीने तक रह सकती है। इसलिए जब यहां, कोई साहसिक गतिविधियों में लिप्त होकर, गोलफ़िंग, मछली पकड़ने, ट्रेकिंग ट्रेल्स की खोज, और बहुत कुछ करके लंबे दिन बिता सकता है।

# जौनसार बाबर के प्रथम कवि पं. शिवराम के काव्य संग्रह सहेजे जाएंगे : मुख्यमंत्री




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौनसार बाबर के प्रथम कवि पं. शिवराम जी द्वारा रचित काव्य संग्रह 'रमणी जौनसार ' एवं पं. शिवराम शर्मा जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर केन्द्रित ग्रंथ 'जौनसार बावर के जननायक पं. शिवराम' पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चकराता क्षेत्र में पंडित शिवराम शर्मा जी मूर्ति लगाये जाने के लिए प्रस्ताव आयेगा तो उस क्षेत्र में उनकी मूर्ति स्थापित की जायेगी। उनके द्वारा लिखी गई कविताओं का संग्रह कर संजोया जायेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पं. शिवराम जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि पं. शिवराम जी की कविता संकलनों से नई पीढ़ी को व्यापक रूप से पुराने गौरवशाली इतिहास के बारे में पता चलेगा। पंडित शिवराम जी ने हिंदी को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। उन्होंने अपना जीवन समाजिक कार्यों के लिए समर्पित किया एवं कविताओं के माध्यम से समाज में अलख जगाने का कार्य किया। उनके संघर्ष एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को आने वाली पीढ़ियों को अपनी स्मृति में लाना जरूरी है। उन्होंने कहा उनकी रचनाओं के माध्यम से अन्य महापुरुषों से भी परिचय होता है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, केबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, गणेश जोशी,राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सविता कपूर , मुन्ना सिंह चौहान, पद्मश्री श्री लीलाधर जगूड़ी, एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष मूरत राम शर्मा, अनिल गोयल, रामशरण नौटियाल, प्रताप सिंह रावत, पद्मश्री प्रेमचन्द शर्मा आदि उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन शुरू की जाएगी मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान योजना : रेखा आर्या



आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क



- 29 अगस्त को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान योजना का शुभारंभ-रेखा आर्या
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने राष्ट्रीय खेल दिवस की तैयारियों के संदर्भ में की खेल विभाग की समीक्षा बैठक

देहरादून , खेल मंत्री रेखा आर्या ने आगामी 29 अगस्त को होने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस की तैयारियों को लेकर खेल विभाग के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श व समीक्षा बैठक की गयी।बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि आगामी 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन व राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर 8 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कर कमलों के द्वारा खेल विभाग द्वारा मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान योजना का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमे 8 से 14 वर्ष तक के बच्चों को 1500 रू खेल छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जाएगी।

वहीं बैठक में खेल मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनपदों से प्रतिभावान खिलाड़ी जो कि 8 से 14 वर्ष तक के बच्चों का प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदियमान योजना के तहत चयनित हुए लाभार्थियों को 3 माह की प्रोत्साहन धनराशि के चेक भी पहले क्रम में वितरित किए जाएंगे। वही मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि इस योजना से पूरे प्रदेश में लगभग 4000 बच्चे योजना से लाभान्वित होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खिलाड़ी उदीयमान योजना का कार्यक्रम सभी जनपदों में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें संबंधित क्षेत्रों के विधायकगण व जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि देहरादून में राजधानी होने के नाते इस अवसर पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार खेल नर्सरी को तैयार करने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है जिसका कि भविष्य में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा।

# महिलाओं के मुद्दों पर कनाडा में स्पीकर खंडूडी देंगी व्याख्यान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- कनाडा में 65 वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में भाग लेंगी स्पीकर ऋतु खंडूड़ी

देहरादून , उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण कनाडा में आयोजित होने वाले 65 वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ ( सीपीए ) सम्मेलन में भाग लेने के लिए 19 अगस्त को कनाडा जाएंगी ।

20 से 26 अगस्त तक हैलिफ़ैक्स, कनाडा में 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन को आयोजन होना है, इसमें उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण भी भाग लेंगी।आपको बता दें कि उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कार्यकारिणी समिति की भारत के प्रतिनिधि के रूप में नामित सदस्य भी हैं। इस सम्मेलन में सतत विकास, नवीन प्रौद्योगिकी के उपयोग, महिलाओं से संबंधित मुद्दों, युवाओं और जलवायु परिवर्तन आदि के क्षेत्र में संसद की भूमिका पर चर्चा की जायेगी।



# सावधान : नौकर रखने से पहले काजल कांड ज़रूर पढ़ लीजिये

**फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अगर आप भी नौकरानी के भरोसे घर चला रही हैं तो सावधान रहिये , क्योंकि हो सकता है वो भी काजल जैसी शातिर लुटेरी हो ? जी हाँ ये खबर आपको सतर्क और सावधान करने के लिए है क्योंकि दिल्ली से यूपी के गाजियाबाद में पुलिस ने एक ऐसी महिला को पकड़ा है, जो अब तक 100 से ज्यादा घरों में चोरी कर चुकी है। महिला कामवाली बाई बनकर लोगों के घरों में काम शुरू करती थी, फिर मौके पाते ही चोरी की वारदात को अंजाम देती थी। बताया जा रहा है कि महिला ने चोरी के पैसों से करोड़ों की संपत्ति भी बना ली है। यही नहीं, ये महिला इतनी हाईटेक है कि चोरी के लिए एक शहर से दूसरे शहर जाना होता तो फ्लाइट से सफर करती थी।

**बिहार की रहने वाली है काजल**

बिहार के भागलपुर जिले की रहने वाली पूनम शाह उर्फ काजल ने दिल्ली, जोधपुर, कोलकाता और गाजियाबाद समेत विभिन्न शहरों में जाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। काजल को जब भी किसी दूसरे शहर में चोरी करने जाता होता था तो वह फ्लाइट से जाती थी। अब तक 100 घरों में कर चुकी है चोरी काजल ने अब तक 100 घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। एनसीआर की बात करें तो काजल यहां अब तक 26 चोरियां







कर चुकी है। चोरी के पैसों से दिल्ली में प्लॉट खरीदा और घर तक बनवा लिया। गाजियाबाद पुलिस ने काजल को बुधवार को गिरफ्तार किया है।

3 लाख रुपए के जेवर के साथ गिरफ्तार पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि हाल ही में काजल ने गाजियाबाद में विपुल गोयल के घर से कथित तौर पर 10 लाख रुपए के सोने के जेवर चोरी किए थे। इंदिरापुरम के सीओ अभय मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को काजल पर संदेह हुआ। पुलिस ने उसे आम्रपाली विलेज सोसायटी से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 3 लाख रुपए के सोने के जेवर बरामद हुए

काजल ने बताया कि उसने अपने साथी बंटी की मदद से चोरी का प्लान बनाया था। चुराए गए जेवरों को आपस में बांट लिया था। चोरी के पैसों से प्लॉट खरीदा, मकान भी बनवा लिया। महिला विपुल के घर हाउस हेल्प की नौकरी करने आई थी। काजल ने स्वीकार किया है कि उसने चोरी के पैसे जुटाकर दिल्ली के उत्तम नगर में एक प्लॉट खरीदा और चोरी के जेवर बेचकर मकान बनवा लिया था।पुलिस का कहना है कि महिला की संपत्ति जब्त की जाएगी और उस गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। तो आप भी सावधानी ज़रूर बरतिए और नौकरों का पुलिस वेरिफिकेशन करना बिलकुल न भूलियेगा

# भारत को नंबर वन बनाएगा अरविंद केजरीवाल का ये कॉल नंबर



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री ने मनीष सिसोदिया के घर पर हो रही सीबीआई छापेमारी को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के शिक्षा मॉडल की चर्चा दुनिया में हो रही है, लेकिन कुछ लोगों को ये पसंद नहीं आ रहा है। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई रेड को लेकर सिसायत गर्माई हुई है। बीजेपी और आम आदमी पार्टी के नेताओं के बीच बयानबाजी का दौर चल रहा है। इस बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के शिक्षा मॉडल की दुनिया में चर्चा हो रही है।

**आप भी कीजिये कॉल**

दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के बड़े अखबार ने भी मनीष सिसोदिया के शिक्षा मॉडल को बेहतर बताया है। उनके घर सीबीआई छापेमार रही है, क्योंकि कुछ लोगों को दिल्ली के शिक्षा मॉडल से परेशानी है। इस दौरान दिल्ली सीएम ने एक नंबर भी जारी किया। इस नंबर पर उन लोगों को मिस्ड कॉल करने की अपील की जो भारत को नंबर वन देश या सबसे शक्तिशाली देश बनते देखना चाहते हैं।

**जारी किया ये नंबर**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि, देश को दुनिया में नंबर बन बनाना है। ऐसे में आज 'मैं एक नंबर जारी कर रहा हूं - 9510001000 ये मिस्ड कॉल नंबर है। जो-जो लोग इस विषय में जुड़ना चाहते हैं भारत को सबसे शक्तिशाली बनते देखना चाहते हैं वो इस नंबर पर मिस्ड कॉल करें।'



# कृष्णा मेडिकल सेंटर की हैट्रिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने किया तीसरी बार सम्मानित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

राजधानी देहरादून के कृष्णा मेडिकल सेंटर अस्पताल को आयुष्मान भारत योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया गया है। देहरादून कृष्णा मेडिकल सेंटर के प्रबंध निदेशक एवं चिकित्सक डॉक्टर सिद्धांत ने बताया कि यह सम्मान लगातार तीसरी बार प्राप्त हुआ है। अस्पताल को यह सम्मान उत्तराखंड में 100 बिस्तरों से नीचे के एकमात्र अस्पताल की श्रेणी के लिए मिला है।

कृष्णा अस्पताल वर्ष 2013 से स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर आम जनता को स्वास्थ्य लाभ दे रहा है। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत किसी भी गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज कर उन्हें बनाया गया है। रोग से मुक्त। उन्होंने बताया कि कई मरीजों को नई जिंदगी भी मिली है।

कृष्णा मेडिकल सेंटर के फिजिशियन डॉक्टर सिद्धांत का कहना है कि कई ऐसे मरीज हुए हैं जिन्हें

national health authority
सत्यमेव जयते

दिल्ली एम्स रेफर करना पड़ा था. लेकिन अस्पताल के योग्य डॉक्टरों की टीम ने ऐसे मरीजों का भी सफलतापूर्वक इलाज किया है। वहीं जनता की निःशुल्क सेवा के लिए यह एक ऐसा अस्पताल है, जिसे न सिर्फ उत्तराखंड सरकार ने सम्मानित किया है, बल्कि एनएचए यानी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने भी सम्मानित किया है। वहीं शासकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाइफस्टाइल क्लीनिक का उद्घाटन किया गया है. स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने अस्पताल के ओपीडी भवन की दूसरी मंजिल पर लाइफस्टाइल क्लिनिक का उद्घाटन किया. इसके साथ ही कैथ लैब दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कैथ लैब का भी शिलान्यास किया गया।



## संपादकीय

### हवाई यात्रियों की सुरक्षा पर रहे ध्यान

पिछले कुछ महीनों में अनेक जहाजों में तकनीकी गड़बड़ी और उन्हें आपात स्थिति में उतारने के कारण हवाई उड़ानों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक है. स्थिति इस हद तक पहुंच गयी कि हाल ही में देश के उड्डयन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइस जेट की आधी उड़ानों को रद्द कर दिया. इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए. यह नियामक यानी डीजीसीए का भी उत्तरदायित्व है और उड्डयन सेवा दे रहीं कंपनियों का भी. नियामक की ओर से पिछले दिनों में कुछ ठोस कदम उठाये गये हैं. अब प्रश्न यह है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है. इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि कंपनियों द्वारा जहाजों के रखरखाव पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है. ऐसा नहीं करने के कुछ कारण हैं. पहला, कोविड महामारी के दौरान उड़ानों पर रोक के चलते कंपनियों के पास कर्मचारियों की कमी हो गयी है. लंबे समय तक जहाज नहीं उड़े, तो कर्मचारियों को हटाना स्वाभाविक था. इन कर्मचारियों में इंजीनियर हैं, टेक्नीशियन हैं, रखरखाव से जुड़े लोग हैं. अब इस इंडस्ट्री में ये सारे स्टाफ वापस तो आ रहे हैं, पर यह प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है. दूसरा अहम कारण है कि उड़ान सेवा देने वाली कंपनियां वित्तीय दबाव के दौर से गुजर रही हैं, जिसके चलते वे समुचित निवेश करने में सक्षम नहीं हैं. कोविड महामारी के दौर में पहले उड़ानें बंद रहीं, फिर धीरे-धीरे शुरू हुईं, पर आमदनी अभी भी महामारी से पहले के स्तर तक नहीं पहुंची है. तीसरी वजह है कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतें बहुत अधिक हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भिन्न कारणों से तेल के दाम बढ़े हैं. ऐसी स्थिति में स्वाभाविक है कि उन्हें ज्यादा लाभ नहीं हो पा रहा है. लेकिन इन कंपनियों को इन समस्याओं से निकलने का रास्ता निकालना होगा और इसका खामियाजा किसी भी तरह सुरक्षा के मामले में चूक के रूप में सामने नहीं आना चाहिए. एयरलाइंस इंडस्ट्री में बहुत अधिक प्रतिस्पर्धा है और मार्जिन भी कम रहता है. हालांकि टिकटों के दाम बढ़े हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा के चलते वे यात्रियों पर बहुत अधिक भार डालने की स्थिति में नहीं हैं. कोरोना से पहले जैसी स्थिति आने में अभी समय लगेगा. जहां तक उड़ानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात है, तो कुछ ठोस उपायों की दरकार है, जिन्हें तुरंत लागू करने की दिशा में पहल की जानी चाहिए. सबसे पहला उपाय यह है कि नागरिक उड्डयन के नियामक को उड़ान सेवा दे रही कंपनियों पर निगरानी रखनी चाहिए. इसमें सबसे अहम यह होना चाहिए कि सुरक्षा को लेकर किसी तरह की कोताही न बरती जाए और न ही कोई चूक हो. नियामक को कंपनियों की वित्तीय सेहत पर भी नजर रखनी चाहिए. अगर किसी कंपनी की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है और उसकी उड़ान सेवाएं पहले जैसी चलती रहती हैं, तो इसका नतीजा घाटा बढ़ने के रूप में सामने आता है. एयर इंडिया और जेट एयरलाइंस के साथ ऐसा होते हुए हम देख चुके हैं. जब घाटा बढ़ता जाता है, तो कंपनियां कर्मचारियों की संख्या घटाने लगती हैं, जिसका सीधा असर रखरखाव पर होता है. इस बात की आवश्यकता है कि नियामक कुछ वित्तीय मानक निर्धारित करे और यह सुनिश्चित करे कि कंपनियां उनका पालन करें. नियामक और इंडस्ट्री के बीच निरंतर संवाद भी चलते रहना चाहिए ताकि एयरलाइंस भी अपनी समस्याओं व सुझावों को सामने रख सकें तथा नियामक को भी वास्तविकताओं की जानकारी रहे.

# राष्ट्रीय क्याकिंग,केनोइंग प्रतियोगिता के लिए तैयार : युगल किशोर पंत, डीएम यूएसनागर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



यूएसनागर केजिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने 22 से 25 अगस्त तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय क्याकिंग,केनोइंग प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिभागियों की सुरक्षात्मक दृष्टि से रेस्क्यू के लिए 200, 500 व 1000 मीटर पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमें तैनात की जाएं, इसके साथ ही सुरक्षात्मक दृष्टि से पुलिस विभाग द्वारा इवेंट के दौरान महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए।

ट्रेक इंचार्ज बादल हरि हरनु ने बताया कि अभी तो कन्फर्मेशन के अनुसार 24 राज्यों की टीमें प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि 5000, 1000, 500, 200 मीटर इवेंट में प्रतियोगिताऐं आयोजित होंगी और इसके साथ ही स्टैंडअप पेडलिंग, केनो पोलो प्रतियोगिता का डेमोस्ट्रेशन भी होगा। उन्होंने बताया कि इवेंट में 4 सदस्यीय ज्यूरी टीम के साथ ही 34 व्यक्तियों का तकनीकी स्टाफ भी होगा।

जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत को पानी, साफ- सफाई, शौचालय की पूरी व्यवस्था रखने, साफ सफाई के लिए कर्मचारी तैनात करने के साथ ही पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को बिजली की निर्बाध व्यवस्था करने के साथ ही इमरजेंसी हेतु विद्युत जनरेटर की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार को चिन्हित पार्किंग स्थल में सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग को कार्यक्रम क्षेत्र में झाड़ियों, घास-फूस की सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि एंबुलेंस व दवाइयों के साथ टीम तैनात रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिभागियों के रुकने के स्थानों पर भी, बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के द्वारा एडीएम जय भारत सिंह, डिप्टी कमांडेंट एनडीआरएफ रवि शंकर, उत्तराखंड ओलंपिक खेल एसोसिएशन के सचिव डीके सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह,जिला पर्यटन विकास अधिकारी पीके गौतम आदि उपस्थित थे।

# पूर्णानंद घाट में महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

- आज चहूंओर गुंजे नंदलाल के जयकारें, मनाया कृष्ण जन्मोत्सव
- पूर्णानंद घाट पर धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**बच्चों ने कृष्ण और राधा की लीलाओं का किया मंचन**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट, पूर्णानंद घाट में विश्व प्रसिद्ध प्रथम महिला गंगा आरती में महिलाओं द्वारा आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया और चहूंओर गुंजे नंदलाल के जयकारें से पूर्णानंद घाट गूँज उठा, देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई। राधा-कृष्ण की झांकी में शामिल बच्चों को तिलक लगाकर पूजा अर्चना की। माखन मिश्री का भोग लगाकर उनकी आरती उतारी। राधा कृष्ण के वेश में सजे बच्चे लोगों को आकर्षित कर रहे थे। छात्राओं ने भगवान कृष्ण और राधा के स्वरूप में उनकी लीलाओं का मंचन किया। भगवान श्री कृष्ण का जन्म पूरे धार्मिक लोकाचार के साथ मनाया गया ।सभी लोगों ने भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव भावपूर्ण और भजन के माध्यम से आनंद से भावविभोर होकर प्राप्त किया।

पंडित हरिओम शर्मा ज्ञानी जी ने बताया कि ऐसे उत्सव न केवल बच्चों में नई ऊर्जा व स्फूर्ति प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति व सभ्याचार से जोड़कर भी रखते हैं ।छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण बनकर सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें पुरस्कार दिया। प्रस्तुति देने वालों बच्चों में संध्या राजपूत, काजल राजपूत, टीना दिवाकर और शिवानी राजपूत शामिल रहीं।

मुख्य रूप से गंगा आरती में ट्रस्ट की सदस्य डॉक्टर ज्योति शर्मा, दिल्ली से आनंद गुप्ता, सुशिल गुप्ता, अर्चित गुप्ता, यतिन बंसल,चंडीगढ़ से नरेश गुप्ता, आचार्य सुमित भट्ट, आचार्य मोहित बडौनी, आचार्य मनीष बडौनी, रीता, प्रमिला ने गंगा आरती की।




# क्या डायनासोर अभी भी है ?



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पैलियोन्टोलॉजिस्ट्स ने दक्षिणी अर्जेंटीना में पहले से अज्ञात छोटे बख्तरबंद डायनासोर की खोज की घोषणा की है, एक ऐसा प्राणी जो लगभग 100 मीटर साल पहले एक तत्कालीन भाप से भरे परिदृश्य में घूमते हुए अपने पिछले पैरों पर सीधा चलता था।

उन्होंने कहा कि जकापिल कनियुकुरा नाम का डायनासोर अपनी गर्दन और पीठ और पूंछ के नीचे बोनी डिस्क के आकार के कवच की पंक्तियों के साथ अच्छी तरह से संरक्षित होता। यह लगभग 5 फीट (1.5 मीटर) लंबा था और औसत घरेलू बिल्ली के समान वजन केवल 9-15 एलबी (4-7 किलो) था।इसके जीवाश्म अवशेष पिछले एक दशक में रियो नीग्रो प्रांत के ला बुइट्रेरा पैलियोन्टोलॉजिकल ज़ोन में पेटागोनिया में एक बांध के पास खोदे गए थे।



वैज्ञानिकों ने कहा कि जकापिल ने दक्षिण अमेरिका में क्रेटेशियस से एक बख्तरबंद डायनासोर की अपनी तरह की पहली खोज को चिह्नित किया। यह थायरोफोरन डायनासोर समूह का हिस्सा है जिसमें स्टेगोसॉरस की पसंद शामिल है, जो अपनी बोनी बैक प्लेट्स और नुकीली पूंछ के लिए जाना जाता है, और टैंक की तरह एंकिलोसॉरस, कवच में ढका हुआ है और एक क्लब जैसी पूंछ को चलाने वाला है।

लीड पैलियोन्टोलॉजिस्ट सेबेस्टियन एपेस्टेगुइया और उनके सहयोगियों ने इगुआना दांतों के समान पत्ती जैसी आकृति वाले 15 दांतों के टुकड़ों के साथ जकापिल का एक आंशिक कंकाल पाया।जकापिल थायरोफोरन के एक आदिम रूप जैसा दिखता है जो बहुत पहले रहता था, जिससे यह आश्चर्य की बात है कि यह क्रेतेसियस से दिनांकित है। Apesteguía ने कहा कि दक्षिणी गोलार्ध में कहीं भी इस तरह के थायरोफोरन को पहले कभी नहीं खोदा गया था।

# उत्तराखंड क्रांति दल बेरोजगारों की आर-पार की लड़ाई लड़ेगा : जेपी उपाध्यक्ष

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड क्रांति दल निवर्तमान केंद्रीय महामंत्री जय प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि UKSSSC में हुई भर्ती घोटाले एवं अन्य भ्रष्टाचार के मामलों में उत्तराखंड क्रांति दल बेरोजगारों की आर-पार की लड़ाई लड़ेगा l आंदोलन की शुरुआत इंद्रमणि बडोनी की प्रतिमा के सम्मुख धरने से की जाएगी l पूरे आंदोलन का नेतृत्व दल के पूर्व अध्यक्ष माननीय त्रिवेंद्र सिंह पंवार करेंगे और आंदोलन को निर्णायक बनाया जाएगा l श्री पवार ने कल इंद्रमणि बडोनी जी की प्रतिमा पर लिए संकल्प को दोहराया कि जिन उद्देश्यों के लिए बडोनी जी ने संघर्ष किया उसके लिए उत्तराखंड क्रांति दल निरंतर प्रयासरत रहेगा ,उत्तराखंड में पनप रहे भ्रष्टाचार को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा l इस आंदोलन को जन जन का आंदोलन बनाने के लिए हम युवाओं को लामबंद करेंगे और यह तय करेंगे कि कुछ लोग हैं जो अपने उत्तराखंड को बेचने के लिए राष्ट्रीय पार्टियों के कार्यकर्ता के रूप में दलाली का काम कर रहे हैं ऐसे लोगों को विभीषण की संज्ञा देकर पीछा नहीं छुड़ाया जा सकता l अब वक्त आ गया है कि राष्ट्रीय पार्टियों की करतूतों और उनके अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के द्वारा उत्तराखंड को किस प्रकार नर्क बनाया जा रहा है यह उत्तराखंड के प्रत्येक व्यक्ति को समझाने की आवश्यकता है l उत्तराखंड भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है, देवभूमि को राष्ट्रीय पार्टियों के नुमाइंदे बदनाम करने में लगे हुए हैं l हम देश की सर्वोच्च एजेंसियों से मांग करेंगे कि वह निष्पक्ष जांच करें और राष्ट्रीय पार्टियों के नेताओं को भी जेल में डालने के लिए सकारात्मक पहल करें l यदि राष्ट्र की एजेंसियां इस ओर सकारात्मक पहल नहीं करती हैं तो उत्तराखंड क्रांति दल ऐसे भ्रष्टाचारियों को स्वयं दोषी मानते हुए कड़ी सजा देगा l राज्य की जनता यह जानती है कि केवल एक जिला पंचायत सदस्य किसी भी परीक्षा को प्रभावित नहीं कर सकता है तमाम परीक्षाओं के पेपर लीक और सेटिंग मंत्री और मुख्यमंत्री स्तर पर आयोजित की जाती रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है l हम इस परिपेक्ष में आंदोलन की शुरुआत 22 अगस्त को स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की प्रतिमा देहरादून घंटाघर से धरने के माध्यम से शुरू करेंगे l उसके उपरांत राज्यपाल से मुलाकात और मुख्यमंत्री आवास घेराव तक के कार्यक्रम पार्टी द्वारा तय किए जाएंगे l



# प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने राज्य के किसानों से किया अनुरोध

## 31 अगस्त से पहले सभी किसान भाई करवा लें केवाईसी : गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए केवाईसी जरूरी - जोशी
- केवाईसी डेडलाइन से पहले कराकर लें योजना का लाभ

देहरादून ,प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने वाले सभी किसानों से अनुरोध करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए जिन किसान भाइयों ने ई -केवाईसी नहीं कराई है, वे किसान 31 अगस्त,2022 से पहले ई-केवाईसी करवा लें। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि किसान सम्मान निधि हासिल करने के लिए ई-केवाईसी कराना बेहद जरूरी है यदि किसी किसान भाई ने केवाईसी नहीं कराई है तो, इस तिथि से पहले ई-केवाईसी करा लें, ताकि प्रदेश के सभी किसान भाइयों को योजना का लाभ मिल सके।

इसके साथ ही मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा किसानों की चिंता करते हैं जिसको देखते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ई-केवाईसी की डेडलाइन बढ़ाकर 31 अगस्त, 2022 तक कर दिया है।जिसके लिए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।दरअसल, जिन किसानों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है, उनके लिए सरकार ने डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया हैअब किसान 31 अगस्त, 2022 तक ई-केवाईसी करवा सकेंगे. पहले यह तारीख 31 जुलाई, 2022 थी. पीएम किसान योजना की किस्त हासिल करने के लिए ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है,यदि कोई किसान ई-केवाईसी नहीं करवाता है तो फिर वह किस्त का लाभ उठाने से वंचित रह सकता है।



दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा